# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 28 मार्च, 1990 ई०

## (भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-वितरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार तिथि 28 मार्च, 1990 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष, **श्री गुलाम सरवर के सभापतित्व में प्रारंभ हुआ।**

---

पटना :
तिथि : 28 मार्च, 1990 ई०

**चन्द्रशेखर शर्मा**
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

## (न) पैमार सिंचाई योजना के तहत निर्माण कार्य में गोलमाल

**श्री कृष्णबल्लभ प्रसाद सिंह** : अध्यक्ष महोदय, नालन्दा जिला अन्तर्गत इसलामपुर थाना में एक पैमार सिंचाई योजना है, 10 वर्षों से टूटा हुआ है । 80 लाख रुपया बिना काम कराये कार्यपालक अभियंता खा-पका गया । केन्द्रीय सरकार ने 20 लाख रुपया दिया है, इसमें उचित काम नहीं कराया जा रहा है । 20 कठौती बालू में एक कठौती सीमेंट एक नं० के ईंटों में 3 नं० का ईंटा, भरा हुआ मिट्टी दिया जा रहा है । मार्च लूट के नाम पर पुनः नहर बर्बाद हो रहा है । इसकी अविलंब जांच करायी जाय ।

## (प) सूर्यगढ़ा में ग्रीड बनाना

**श्री सतीश कुमार** : अध्यक्ष महोदय, मुंगेर जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा विधान सभा क्षेत्र में लगभग छोटा बड़ा 300 गांव है । इसमें दो तिहाई गांवों में आज तक बिजली नहीं गई है । साथ ही साथ इस पूरे क्षेत्र से एक भी बिजली ग्रीड स्टेशन नहीं है । इसके चलते सूर्यगढ़ा पंप नहर योजना जो लगभग 8 करोड़ रुपये के खर्च से बने हैं, बेकार पड़ा है । ज़बकि सारा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है । अतएव बिहार सरकार से अनुरोध है कि सूर्यगढ़ा जो आज तक उपेक्षित रहा है में एक ग्रीड स्टेशन अविलंब बनाया जाय ।

## (फ) अप्रशिक्षित व्यक्तियों को भी अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति

**श्री अम्बिका प्रसाद** : अध्यक्ष महोदय, सरकारी नियमों में सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा